# आकाशवाणी गोरखपुर
## प्रादेशिक समाचार

दिनांक–07 जनवरी 2025 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु ने कहा–अनुसूचित जनजाति सहित समाज के सभी वर्गों के उत्थान के लिए काम कर रही है सरकार, महिला सशक्तिकरण है देश में लोकतंत्र का आधार
- विश्व का तीसरा सबसे बड़ा मेट्रो नेटवर्क बना भारत, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा–विकसित भारत के संकल्प को नई उर्जा प्रदान करती है मेट्रो रेवोलूशन इंडिया
- बेसिक शिक्षा परिषद के विद्यालयों के शिक्षकों के हो सकेंगे पारस्परिक तबादले, गर्मी की छुट्टियों में मिलेगा कार्यभार ग्रहण करने का मौका
- गोरखपुर शामली राष्ट्रीय राजमार्ग के लिए जल्द शुरू किया जाएगा सीमांकन

**********

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा कि सरकार अनुसूचित जनजाति सहित समाज के सभी वर्गो के उत्थान के लिए काम कर रही है। राष्ट्रपति भवन में आयोजित विभिन्न राज्यों के पंचायती राज संस्थाओं से जुडी अनुसूचित जनजाति की महिला प्रतिनिधियों के एक सम्मेलन को कल संबोधित करते हुये कहा कि महिला सशक्तिकरण देश में लोकतंत्र का आधार है।

**ये संस्थाएं जमीनी स्तर पर शासन और सामुदायिक विकास के लिए एक मंच प्रदान करती है। इन संस्थानों में महिलाओं के लिए एक तिहाई सीटों के आरक्षण का प्रावधान किया गया है जिससे उनकी भागीदारी सुनिश्चित हो सके। पंचायती राज संस्थाओं ने महिलाओं के सशक्तिकरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।**

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने भी कल ही पंचायत से संसद तक कार्यक्रम के दूसरे चरण का नई दिल्ली में उद्घाटन किया। इस कार्यक्रम में बीस राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों की पंचायतीराज संस्थाओं से चुनी गई करीब पांच सौ महिला प्रतिनिधि हिस्सा लेने पहुंचीं।

**********

देश के विश्व का तीसरा सबसे बड़ा मेट्रो नेटवर्क बनने पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि मेट्रो रेवोलूशन इंडिया विकसित भारत के संकल्प को नई उर्जा प्रदान करती है। एक सोशल मीडिया संदेश में उन्होंने कहा कि देश भर में हुए इस मेट्रो रेल नेटवर्क के विस्तार ने लाखों नागरिकों के लिए तेज और सुरक्षित यात्रा को सहज सुलभ बना दिया है। उन्होंने कहा कि यह प्रधानमंत्री के यशस्वी और दूरदर्शी सोच के कारण ही संभव हुआ है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा बीते पांच जनवरी को नई दिल्ली से बारह हजार दो सौ करोड़ से अधिक की मेट्रो परियोजनाओं का उद्घाटन किया गया था। अब एक हजार किलोमीटर से अधिक ग्यारह राज्यों और तेईस शहरों में फैला भारत का मैट्रो नेटवर्क विश्व का तीसरा बड़ा नेटवर्क बन गया।

**********

प्रदेश में होने जा रहे महाकुंभ के दौरान वाराणसी में भी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आने की संभावना है। श्रद्धालुओं के सुगम और सुरक्षित यात्रा के लिये रेलवे ने भी प्रभावी कदम उठाये हैं। उत्तर रेलवे के एडीआरएम लालजी चौधरी ने इस बारे में विस्तार से जानकारी दी।

***कुम्भ मेला के लिए तैयारी कर रहे हैं। बेसिकली होल्डिंग एरिया लेकर के सेफ्टी के लिए पब्लिक में सारी चीजें की रेलवे व्यवस्था कर रही है। होल्डिंग एरिया की जानकारी रहे। पोस्टर बने है। पब्लिक को इन्फॉर्मेशन जगह जगह जल्दी मिल सके। टिकटिंग के लिए ऐसे स्टेप्स है वो दिए गए हैं। क्यूआर कोड दिए गए हैं। आरपीएफ के लिए जैसे जो स्टेप्स गाइड करना है। रात में रेड एंड ग्रीन पैटर्न उसके यूज के लिए दिए जा रहे हैं और साथ में मोबाइल जो अराउंड क्लॉक चलेंगे उसके लिए भी व्यवस्था की है। ये बॉल है क्वालिटी ये है की ज्यादा हीट होने पर ये ऑटोमैटिक फट जाता है। फैल करके वहाँ ऑक्सीजन कम कर देता है। तो आग अपने आप बुझ जाती है।***

**********

प्रदेश सरकार के डिजिटल महाकुंभ की परिकल्पना को साकार करते हुए उत्तर प्रदेश पुलिस मेला क्षेत्र में तैनात पुलिसकर्मिमों की बायोमैट्रिक हाजिरी लगवा रही है। पेश है एक रिपोर्ट–

***प्रयागराज में हो रहे महाकुंभ–2025 में 40 करोड़ श्रद्धालुओं को सुरक्षित स्नान कराने के लिये लगभग 50 हजार पुलिस कर्मी तैनात होंगे। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कुंभ मेला क्षेत्र राजेश द्विवेदी ने बताया कि कुंभ मेला में आये पुलिस कर्मी को सॉफ्ट स्किल, आपदा प्रबंधन, भौगोलिक स्थितियों की जानकारी देने के लिए प्रशिक्षित किया जा रहा है। इस दौरान सभी पुलिस कर्मियों की अटेंडेंस बायोमेट्रिक***

***तरीके से रिकॉर्ड की जा रही है, जिससे हाज़िरी लगाने में समय की बचत के साथ ही रिकॉर्ड मेंटेन करने में भी आसानी हो रही है। आकाशवाणी समाचार कक्ष से फ़ज़ल इनाम।***

**********

खालसा पंथ के संस्थापक और दसवें सिख गुरू गोबिंद सिंह का तीन सौ अट्ठावनवां प्रकाश पर्व कल प्रदेश भर में पारम्परिक हर्षोल्लास और आस्था के साथ मनाया गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कल लखनऊ के डीएवी कॉलेज मैदान में आयोजित प्रकाश पर्व समारोह में शामिल हुए। अपने संबोधन में श्री योगी ने कहा कि सिख गुरूओं का बलिदान हमें आगे बढ़ने के लिये प्रेरित करता है।

***गुरु गोविंद सिंह जी महाराज खालसा पंथ की स्थापना जाति भेद को छुआछूत की भावना को सर्वथा समाप्त करने के उद्देश्य से उन्होंने की उस समय की विधर्मी ताकतों को उन्होंने उस रास्ते से हटने के लिए कहा तो देश और धर्म के मार्ग में बाधक है और इसीलिए हम लोग आज भी कहते हैं याद करना सिख गुरुओं ने जो परंपरा डाली गुरु नानक देव जी से लेकर के गुरु गोविंद सिंह जी महाराज तक सिख गुरुओं का ये गौरवशाली इतिहास एक नई प्रेरणा प्रदान कर रहा है हम सबको।***

समारोह में उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक और राज्य मंत्री बलदेव औलख सहित सिख समुदाय के गणमान्य लोग भी मौजूद थे।

**********

बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित विद्यालयों के शिक्षकों के पारस्परिक तबादले एक जिले से दूसरे जिले में किये जा सकेंगे। इस संबंध में कल शासनादेश जारी कर दिया गया। आदेश के मुताबिक तबादलों के बाद नया कार्यभार ग्रहण करने का मौका शिक्षकों को गर्मियों की छुट्टी में दिया जाएगा। उन्हें पांच अलग अलग श्रेणियों में पारस्परिक तबादले की अनुमति दी गई है।

**********

प्रदेश में नये गोरखपुर–शामली राष्ट्रीय राजमार्ग के लिये सीमांकन का काम जल्द शुरू हो जायेगा। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण–एनएचएआई के आधिकारिक सूत्रों ने बताया है कि सीमांकन के बाद जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया शुरू की जायेगी। हाईवे का निर्माण कार्य तीन वर्षो में पूरा किया जायेगा।

नया हाईवे गोरखपुर से शुरू होगा और महराजगंज, सिद्धार्थनगर, बलरामपुर और श्रावस्ती जिलों से होता हुआ बहराइच तक आयेगा। इसके बाद लखनऊ और सीतापुर के उत्तर से होते हुए लखीमपुर जिले के बीच से गुजरेगा। इसी तरह पीलीभीत, बरेली और मुरादाबाद के उत्तर से गुजरते हुए बिजनौर, मेरठ और शामली को जोड़ेगा।

**********

राज्यपाल आनन्दीबेन पटेल ने कल लखनऊ में उत्तर प्रदेश डिजाइन एवं शोध संस्थान के नये भवन का लोकार्पण किया। इस अवसर पर अपने संबोधन में श्रीमती पटेल ने कहा कि संस्थान द्वारा कला, डिजाइन और शोध के क्षेत्र में बेहतर काम किये जा रहे हैं और यह प्रदेश के कारीगरों, बुनकरों और हस्तशिल्पियों के लिये महत्वपूर्ण है।

**********

प्रदेश में ठंड से जनजीवन पर गहरा असर पड़ रहा है। कई जिलों में कक्षा आठ तक के स्कूल बंद कर दिये गये हैं। कोहरे की वजह से दृश्यता कम होने से सड़क, रेल और हवाई यातायात भी खासा प्रभावित है। वहीं राज्य के 40 से अधिक जिलों में ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। इस बीच, मौसम विज्ञान विभाग ने चेतावनी जारी की है कि आज और अगले दो दिनों तक कई स्थानों पर ठंड जारी रहेगी। साथ ही विभिन्न जिलों में घना से लेकर अत्यधिक घना कोहरा छाया रहेगा। मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के वैज्ञानिक मोहम्मद दानिश ने बताया–

***फॉग का असर रहेगा लेकिन साथ ही में थोड़ा हवाओं का भी असर रहेगा। आने वाले दिनों में कुल मिलाकर जो ठंड है वो बनी रहेगी। कोल्ड डे दिन में ठंड का जो असर ठिठुरन है वो बना रहेगा और साथ ही में अर्ली मॉर्निंग में कोहरे का भी असर देखने को मिलता रहेगा। तापमान अभी अपने सामान से काफी नीचे चल रहा है। दिन का तापमान अपने सामान से तीन से पाँच डिग्री की कमी देखी जा रही है जो आने वाले दिनों में भी लगभग इसी के दौरान रहेगा। तीन से पाँच डिग्री की कमी रहेगा जो रात का टेम्परेचर है वो आने वाले दिनों में थोड़ी सी उसमें भी कमी देखने को मिलेगी।***

इस बीच, पूर्वी उत्तर प्रदेश के गोरखपुर और इसके आसपास के जिलों में आज सुबह कोहरे के कारण दृश्यता काफी कम रही।

**********

लखनऊ में खेली जा रही आईएचएफ ट्राफी पुरुष यूथ व जूनियर हैंडबॉल के जूनियर वर्ग का दूसरा सेमिफाइनल मैच कल कजाखिस्तान ने जीत लिया। वहां की टीम ने भारत की टीम को उन्तालिस इकतीस के अंतर से हरा दिया। प्रतियोगिताओं की इस श्रंखला में आज भी चार अलग अलग मैच विभिन्न देशों के बीच खेले जाएंगे।

**********